SJU Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 05 नवम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 38

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज की जमानत मंजूर

**लाहौर।** लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) ने सोमवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज की चौधरी चीनी मिल (सीएसएम) मामले में जमानत मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति अली बकर नजाफी और न्यायमूर्ति सरदार अहमद नईम की खंडपीठ ने मरियम नवाज की जमानत अर्जी मंजूर की। मरियम के वकील और राष्ट्रीय जबावदेही ब्यूरो (नैब) के अधिकारी भी सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित थे। खंडपीठ ने इस मामले में 31 अक्टूबर को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### सुरक्षाबलों पर आतंकियों का ग्रेनेड अटैक, एक की मौत, 10 घायल

**श्रीनगर (आरएनएस)।** आतंकियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर ग्रेनेड से हमला किया है। इस हमले में 10 नागरिक घायल हो गए है जबकि एक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान गैर-कश्मीरी राज्य के निवासी के रूप में हुई है। हालांकि पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हमले के बाद सुरक्षाबलों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करके आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। आतंकवादी लगातार लोगों में खौफ फैलाने के लिए इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। किश्तवाड़ जिले में रविवार को सुरक्षा बलों द्वारा चलाये गये एक संयुक्त अभियान में छिपाकर रखे गये हथियार और गोला-बारूद जब्त लिया गया। सेना, पुलिस और विशेष अभियान समूह ने मुगल मैदान क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान चलाकर आतंकवादियों के ठिकाने का खुलाया किया।

### बेटे-ससुर और पत्नी को गोली मारने के बाद खुद दी अपनी जान

» ससुराल पहुंचे शख्स ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**सहारनपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के रामपुर मनिहारिन इलाके में सोमवार की सुबह एक व्यक्ति ने अपने बेटे और ससुर को गोली मारने के बाद खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। उसने पत्नी को भी गोली मारी लेकिन वो बच गई।अस्पताल में उसकी हालत चिंताजनक है। पुलिस ने यहां कहा कि रामपुर मनिहारिन इलाके के जानखेरा गांव की मोनिका का विवाह सचिन के साथ आठ साल पहले हुआ था। पति पत्नी के बीच पिछले कुछ साल से विवाद चल रहा था और मोनिका अपने मायके में रह रही थी। सचिन आज सुबह अपने तीन साथियों के साथ ससुराल आया और ताबड़तोड़ फायरिंग की जिसमें बेटे अंशुल और ससुर परशुराम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी बुरी तरह जख्मी हो गई। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### महिला तहसीलदार को जिंदा जलाकर मार डाला

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में ऑफिस में घुसकर एक महिला तहसीलदार को जिंदा जला दिया गया। इस घटना में महिला तहसीलदार की मौत हो गई है। सोमवार को एक व्यक्ति तहसीलदार ऑफिस में आया और तहसीलदार विजया रेड्डी पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। आफिस में चारों तरफ विजया की चीखों की आवाज गूंजने लगी। महिला अधिकारी को बचाने की कोशिश में एक ड्राइवर और एक अन्य शख्स बुरी तरह से झुलस गए। घायलों को हयातनगर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जबकि गंभीर रूप से झुलस जाने के कारण विजया रेड्डी की मौत हो गई। ये घटना जब हुईउस वक्त तहसीलदार कार्यालय में भोजनावकाशथा। अब्दुल्लापुर मंडल के गठन के बाद विजया रेड्डी पहली तहसीलदार के रूप में यहां तैनात हुई थीं।उनके शव को पोस्टमार्टम के लिएरखवा दिया गया है।फिलहाल, आरोपी फरार है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के नए नक्शों पर बौखलाया पाकिस्तान, मैप को मानने से किया इंकार

**इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के अलग केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद भारत की ओर से नया नक्शा जारी किए जाने के बाद बौखला गई है। इस नक्शे में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मीरपुर और मुजफ्फाराबाद जिलों को नए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का हिस्सा दर्शाया गया है।**



पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस नक्शे को 'गलत' तथा 'कानूनी रूप से अपुष्ट' करार देते हुए कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन है। उसने कहा, पाकिस्तान इन राजनीतिक नक्शों को खारिज करता है जो संयुक्त राष्ट्र के नक्शें के मेल नहीं खाते हैं। हम दोहराते हैं कि भारत की ओर से उठाया गया कोई कदम जम्मू-कश्मीर की 'विवादित' स्थिति को बदल नहीं सकता जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त है।

बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर क्षेत्र और गिलगिट-बाल्टिस्तान तथा जम्मू-कश्मीर को भारत के नक्शे में दिखाने वाले नक्शों को खारिज करता है।विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुसार स्वनिर्णय के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए भारतीय जम्मू और कश्मीर के लोगों के वैध संघर्ष का समर्थन जारी रखेगा।

गौरतलब है कि भारत सरकार ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का नया नक्शा जारी किया। नए नक्शे में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मीरपुर और मुजफ्फराबाद जिलों को नये केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का हिस्सा दर्शाया गया है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में इन दोनों जिलों को मिलाकर कुल जिलों की संख्या 22 होगी। पाकिस्तान के कब्जे वाले दोनों जिलों के अलावा कुपवाड़ा, बांदीपोरा, बारामूला, पुंछ, बडगाम, कुलगाम, शोपियां, किश्तवाड़, उधमपुर, डोडा, सांबा, जम्मू, कठुआ, रामबन, राजौरी, अनंतनाग, पुलवामा, श्रीनगर, रियासी और गंदेरबल जिले जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के अन्य जिले होंगे। गौरतलब है कि मीरपुर और मुजफ्फराबाद को भारत हमेशा अपना भाग बताता रहा है।

## मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे से मुलाकात की




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4 नवंबर 2019 को भारत-आसियान शिखर बैठक के अवसर पर आज जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे से अलग से मुलाकात की । दोनों नेताओं के बीच पिछले चार महीनों में तीन बार भेंट हो चुकी है। इनकी पिछली मुलाकात सितंबर 2019 में व्लादिवोस्तोक में हुयी थी। आज की मुलाकात के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने आबे को जापान के सम्राट की हाल में हुई ताजपोशी के लिए बधाई दी और इस समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के शरीक होने को गर्मजोशी के साथ याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह भारत-

जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए अगले महीने भारत में प्रधानमंत्री आबे का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।उन्होंने यह भी कहा कि भारत-जापान की विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और गहरा बननो में आगामी वार्षिक शिखर सम्मेलन की सफलता को लेकर आश्वस्त है।

दोनों नेताओं ने भारत और जापान के बीच उच्च स्तरीय बैठकों के माध्यम से आर्थिक साझेदारी को प्रोत्साहित किए जाने का स्वागत किया। दोनों ने मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना में हुयी प्रगति की समीक्षा की और परियोजना के सुचारु कार्यान्वयन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## प्रधानमंत्री बैंकॉक में पूर्वी एशिया और आरसीईपी शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बैंकॉक में पूर्वी एशिया और आरसीईपी शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा, आज रात दिल्ली रवाना होने से पहले वे बैंकॉक में जापान के प्रधानमंत्री शिंजो एबे, वियतनाम के प्रधानमंत्री न्गुयेन जुआन फुक और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मोरिशन के साथ बैठक भी करेंगे।

प्रधानमंत्री क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी अथवा आरसीईपी में भारत की वार्ताओं का संचालन करेंगे। आरसीईपी एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौता है, जिस पर आसियान के 10 सदस्य देशों और आसियान के मुक्त व्यापार समझौते के साझेदारों -आस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, कोरिया और न्यूजीलैंड के बीच वार्ता की जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस पूर्वाग्रह को दूर करेंगे कि भारत आरसीईपी व्यापार समझौते में शामिल होने के प्रति इच्छुक नहीं है। बैंकॉक पोस्ट को एक विस्तृत साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मौजूदा आरसीईपी वार्ताओं के व्यापक और संतुलित परिणामों के लिए भारत निरंतर समर्पित है, किंतु भारत इसका सुखद परिणाम चाहेगा।

## सड़क हादसे में शिक्षक सहित 2 छात्रों की मौत

**प्रयागराज (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर मांधाता बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से एक मदरसा शिक्षक और दो छात्रों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रानीगंज के 14 वर्षीय मोहम्मद फरहाद, प्रतापगढ़ के 16 वर्षीय मोहम्मद शाहवान और लखीमपुर के उनके 25 वर्षीय शिक्षक शान मोहम्मद के रूप में हुई है। यह हादसा रविवार को हुआ।

## राष्ट्रपति एनईएचयू के 26वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मेघालय के शिलांग में नॉर्थ ईस्टर्न हिल विश्वविद्यालय (एनईएचयू) के 26वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।




इस अवसर पर, राष्ट्रपति ने कहा कि एनईएचयू एक अग्रणी शिक्षण केंद्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख विषयों में उच्चतर शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ, यह विश्वविद्यालय इस क्षेत्र के विकास पर भी विशेष जोर दे रहा है, जहां जनजातीय समुदाय की भी अच्छी उपस्थिति है। कोविंद ने कहा कि एनईएचयू जैसे उच्च शैक्षिक संस्थान सामाजिक और आर्थिक सुधार के संदर्भ में महत्वपूर्ण साबित हो सकते है। मानव विकास सूचकांकों में मेघालय के दर्जे को बेहतर बनाने में एनईएचयू मददगार साबित हो सकता है।

राष्टपति ने कहा कि मेघालय की 80 प्रतिशत से ज्यादा जनसंख्या खेती पर निर्भर है। कृषि उत्पादकता में सुधार लाने में मदद करके, एनईएचयू मेघालय और पूर्वोत्तर क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में एक उत्प्रेरक की भूमिका निभा सकता है। एनईएचयू के ग्रामीण विकास एवं कृषि उत्पादन ,कृषि व्यवसाय और खाद्य प्रौद्योगिकी और उद्यान विभागों के शिक्षक और छात्र किसानों की आय बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

## मनोज पांडे रेलवे बोर्ड के सदस्य नियुक्त




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मनोज पांडे, भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) (1981 सीएस परीक्षा) ने 2 नवम्बर, 2019 को रेलवे बोर्ड के सदस्य (स्टाफ) और भारत सरकार के पदेन सचिव के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले मनोज पांडे रेलवे बोर्ड के महानिदेशक (कार्मिक) के तौर पर कार्यरत थे।

पांडे ने अपने लम्बे करियर के दौरान रेलवे में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। इसकी शुरुआत मध्य रेलवे से हुई और बाद में उन्होंने डीजल लोकोमोटिव वर्क्स, पश्चिमी रेलवे, पश्चिम-मध्य रेलवे, दक्षिण-मध्य रेलवे और दक्षिण-पूर्वी रेलवे में भी विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम किया। पांडे तीन विभिन्न जोनल रेलवे यथा पश्चिमी-मध्य, दक्षिण-मध्य रेलवे और दक्षिण-पूर्वी रेलवे में 12 वर्षो से भी अधिक समय तक प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। पांडे जनवरी, 2017 में अतिरिक्त सदस्य (स्टाफ) के रूप में अपनी पदोन्नति से पहले रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक/सलाहकार (प्रशिक्षण एवं एमपीपी) थे।

पांडे को नये प्रभाग (भोपाल) के पहले प्रभागीय कार्मिक अधिकारी और नई रेलवे (पश्चिमी-मध्य रेलवे) के प्रथम मुख्य कार्मिक अधिकारी के तौर पर कार्य करने की विशिष्ट उपलब्धि भी प्राप्त है। इन सभी पदों पर प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया गया। इसके अलावा कर्मचारियों के कल्याण से जुड़ी कई पहल की गई।

पांडे दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, एमबीए (मानव संसाधन में विशेषज्ञता) और एलएलबी हैं तथा उन्होंने जेएनयू से रूसी भाषा में डिप्लोमा प्राप्त किया है।

## आसियान देशों ने भारत के रुख की सराहना की

**बैकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैकॉक में चल रहे आसियान शिखर सम्मेलन में आसियान देश के नेताओं ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता में भारत के योगदान की सराहना की है। विदेश सचिव विजय ठाकुर सिंह ने कहा कि आसियान देशों के नेताओं ने भारत को दीर्घकालिक मित्र और गतिशील साझीदार बताया है और क्षेत्र में शांति और स्थिरता में भारत के योगदान को सराहना की। उन्होंने कहा, आरसीईपी पर प्रश्नों के लिये सोमवार तक इंतजार करना होगा लेकिन भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा को लेकर देशों के साथ चर्चा हुयी है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रूस रवाना होंगे



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पांच से सात नवम्बर, 2019 को रूसी संघ का दौरा करेंगे। वे आज रात रूस रवाना होंगे। वहां वे सेना और सैन्य तकनीकी सहयोग पर 19वें भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की सह अध्यक्षता करेंगे।

अपनी यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री रूस के रक्षा मंत्री जनरल सर्गेई शोइगू के साथ दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग और रक्षा औद्योगिक सहयोग जैसे क्षेत्रों पर गहन चर्चा करेंगे।

राजनाथ सिंह रूस के उद्योग एवं व्यापार मंत्री डेनिस मानतूरोव के साथ 'भारत-रूस रक्षा उद्योग सहयोग सम्मेलन' का उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन में भारत और रूस के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने, प्रौद्योगिकी अंतरण तथा 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत भारत के रक्षा उद्योगों में निवेश करने पर चर्चा की जायेगी। इसके बाद राजनाथ सिंह सेंट पीटर्सबर्ग जायेंगे और वहां दूसरे महायुद्ध के दौरान शहीद होने वाले सैनिकों और नागरिकों के सम्मान में बने पिस्कारेवस्की मेमोरियल सीमेट्री में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

## 178 सदस्यीय सिख प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन से पहुंचा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की आगामी 550वीं जयंती पर पंजाब प्रांत के करतारपुर साहिब गुरुद्वारा में आयोजित होने वाले समारोह में हिस्सा लेने के लिए 178 सदस्यीय सिख प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन से पाकिस्तान पहुंच गया है। सोमवार को बताया कि रविवार को पहुंचने के तुरंत बाद, 178 सदस्यीय समूह गुरुद्वारा जन्म अस्थान ननकाना साहिब और शेखूपुरा जिले के गुरुद्वारा सच्चा सौदा के लिए रवाना हो गया।

पाकिस्तान गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने घोषणा की है कि बाबा गुरु नानक की जयंती समारोह पूरे नवंबर जारी रहेगा। भारत के साथ-साथ यूरोप और उत्तरी अमेरिका के सिख तीर्थयात्री इस संबंध में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

## कैबिनेट सचिव ने महा चक्रवात से निपटने की तैयारी का जायजा लेने की बैठक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कैबिनेट सचिव राजीव गाबा ने आज नई दिल्ली में गुजरात, महाराष्ट्र और दमन एवं दीव में आने वाले महा चक्रवात से निपटने की तैयारी का जायजा लेने के लिए एनसीएमसी की बैठक की अध्यक्षता की।

कैबिनेट सचिव ने मौजूदा हालात और बचाव तथा राहत गतिविधियों की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी आवश्यकता हो, वहां फौरन मदद पहुंचाई जाये।

मौसम विभाग ने बताया है कि चक्रवात इस समय पूर्व-मध्य अरब सागर के ऊपर मौजूद है और पश्चिम व उत्तर की ओर बढ़ रहा है। आशंका है कि 5 नवम्बर की सुबह इसमें तेजी आयेगी। इसके बाद वह कमजोर पड़ेगा तथा 6 नवम्बर की रात और 7 नवम्बर की भोर में गुजरात और महाराष्ट्र से टकरायेगा। आशंका है कि इस दौरान भारी वर्षा होगी और 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ समुद्र में डेढ़ मीटर तक की लहरें उठेंगी।

गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्य सचिवों ने बताया कि दोनों राज्यों में जरूरी तैयारियां कर ली गई है तथा एनडीआरएफ, एचडीआरएफ की टीमों को तटरक्षक और नौसेना के पोतों के साथ तैनात कर दिया गया है। जिला प्रशासन को सतर्क कर दिया गया है और मछली पकड़ने की सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। दमन एवं दीव प्रशासन ने भी अपनी तैयारियों और बचाव कार्य का ब्यौरा पेश किया।

बैठक में गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, आईएमडी, एनडीएमए और एनडीआरएफ के आला अधिकारियों ने हिस्सा लिया। गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्य सचिव तथा दमन एवं दीव प्रशासन के अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।

## मैकडॉनल्ड्स के सीईओ को कंपनी ने दिखाया बाहर का रास्ता




**नई दिल्ली।** दुनिया की जानी मानी फास्ट-फूड कंपनी मैकडॉनल्ड्स ने अपने सीईओ, स्टीव ईस्टरब्रुक को कंपनी की नीति का उल्लंघन करने और एक मौजूदा कर्मचारी के साथ सहमति से संबंध रखने वाले खराब निर्णय का निर्देश देने के बाद कंपनी से निकाल दिया है। कंपनी के बयान के अनुसार, मैकडॉनल्ड्स ने अपने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में क्रिस केम्पकिंस्की को तुरंत प्रभावी किया है। कंपनी ने बयान में कहा, ''ईस्टरब्रुक....निदेशक मंडल के इस निर्णय के बाद कंपनी से हट गए हैं कि उन्होंने एक गलत निर्णय लिया और एक कर्मचारी के साथ संबंध रखकर कंपनी की नीतियों का उल्लंघन किया। मैक्डोनाल्ड ने रविवार को कहा कि पूर्व अध्यक्ष एवं सीईओ स्टीव ईस्टरब्रुक ने गलत निर्णय लिया क्योंकि मैक्डोनाल्ड प्रबंधकों को अपने सहायक कर्मचारियों के साथ प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर रूमानी संबंध रखने से रोकता है।

इस बीच, ईस्टरब्रुक ने कर्मचारियों को ईमेल किया जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि उनके एक कर्मचारी के साथ संबंध थे और यह एक गलती थी। ईस्टरब्रुक ने ईमेल में कहा,'' कंपनी के मूल्यों को देखते हुए मैं बोर्ड की इस बात से सहमत हूं कि अब मेरा यहां से जाने का वक्त आ गया है।